**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**बेंगलूर**
**मानव संसाधन प्रबंध विभाग**
**भर्ती अनुभाग**

# अधिसूचना

## स्टाफ – श्रेणी IV – बैंक में सुरक्षा गार्ड की भर्ती

भारतीय रिज़र्व बैंक, अपने बेंगलूर कार्यालय, में सुरक्षा गार्डों के 7 (सात) पदों (1 अनुसूचित जाति, 2 अन्य पिछड़ा वर्ग और 04 अनारक्षित) को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। केवल भूतपूर्व सैनिक, जो कर्नाटक के निवासी है और पात्रता मानदंडों जैसे शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा अनुभव आदि पूरा करते हैं, वे अपने प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, भर्ती अनुभाग, बेंगलूर -560001 को दिनांक 30/04/2014 को या उससे पहले भेज सकते हैं। पूर्ण विवरण जैसे शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, अनुभव, कार्यों का विवरण, वेतन और भत्ते, सामान्य महत्वपूर्ण निर्देश, चयन प्रक्रिया, आवेदन कैसे करें आदि के लिए उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट - **www.rbi.org.in** देखें या भर्ती अनुभाग, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूर से संपर्क कर सकते हैं।

**भारतीय रिज़र्व बैंक, बेंगलूर**
**मानव संसाधन प्रबंध विभाग**
**भर्ती अनुभाग**
**विज्ञापन सं 1/2013-14**

**भारतीय रिज़र्व बैंक, बेंगलूर में सुरक्षा गार्डों की भर्ती**

(यह विज्ञापन तथा आवेदन प्रपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से भी लिया जा सकता है)

भारतीय रिज़र्व बैंक, बेंगलूर-560001 में श्रेणी IV संवर्ग में सुरक्षा गार्ड के पद हेतु प्रतीक्षा सूची में सूचीबद्ध करने के लिए कर्नाटक राज्य में निवास करने वाले भारतीय नागरिक जो पात्रता मानदंड को पूरा करते हों, से आवेदन आमंत्रित करता है। पदों की संख्या और आरक्षण निम्नानुसार हैं:

| क्रा सं | वर्ग | रिक्तियों की कुल संख्या | सामान्य | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरक्षा गार्ड | 07 | 04 | 01 | - | 02 |

**नोट :** बैंक को अपनी आवश्यकतानुसार रिक्तियों को बढ़ाने / कम करने अथवा रिक्तियां न भरने का अधिकार है।

आवेदकों से अपेक्षा है कि वे निम्नलिखित शर्तें पूरी करें :-

**नोट: केवल भूतपूर्व सैनिक आवेदन के लिए पात्र हैं।**

क) **शैक्षिक अर्हताएँ :** न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण, अधिकतम पूर्व स्नातक हो। स्नातक / डिग्री प्राप्त आवेदक आवेदन के लिए पात्र नहीं है।

सेना विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र उत्तीर्ण भूतपूर्व सैनिक को मेट्रिकुलेट माना जाएगा। भले ही मेट्रिकुलेट

भूतपूर्व सैनिक जिन्हें रक्षा सेवा में 15 साल का अनुभव है, उन्हें स्नातक माना जाएगा, फिर भी वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं। उक्त शैक्षिक अर्हता सैनिक के सेवानिवृत्ति पुस्तिका में प्रविष्टि की गई हो तथा आवश्यक प्रमाणपत्र से समर्थित हो।

**यदि कोई प्रमाणपत्र उपलब्ध न हो तो अभ्यर्थी अपने सैनिक सेवानिवृत्ति पुस्तिका में आवश्यक परांकन हो। (सैनिक सेवानिवृत्ति पुस्तिका में उल्लिखित सेवा परीक्षा तथा विशेष सेवा / पाठ्यक्रम आदि विशेष अर्हता बैंक के लिए कोई संबंध नहीं रखता।)**

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र इत्यादि प्रस्तुत करें। किसी भी परिस्थिति में लेमिनेट किए गए प्रमाणपत्र बैंक द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

**ख) आयु सीमा :** यथास्थिति 01 अप्रैल 2014 को सामान्य आयु सीमा 25 वर्ष है। (ओबीसी के लिए 28 तथा अ जा / अ ज जा के लिए 30 वर्ष) सशस्त्र सेना में की गई सेवा अवधि + अतिरिक्त 3 वर्ष की छूट होगी, किंतु अधिकतम आयु सीमा किसी भी स्थिति में 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**(ग) अनुभव :** केवल सेना की समुचित पृष्ठभूमि रखने वाले भूतपूर्व सैनिक ही आवेदन के लिए पात्र हैं। अभ्यर्थियों को सेना में हथियार एवं गोलाबारूद संचालन का अनुभव होना चाहिए।

**घ) कार्य विवरण:** चयनित अभ्यर्थी से अपेक्षित है कि वे बैंक की आस्ति (कार्यालय / आवास) की अभिरक्षा करें। निगरानी कार्य तथा बैंक द्वारा नियत अन्य संबंधित कार्य भी करना है। चयनित सुरक्षा गार्ड को शिफ्ट में कार्य करना होगा ।

**ड.) वेतन एवं भत्ते:** रु. 6350 + रु. 170 के आरंभिक वेतन के वेतनमान 6350 – 220(4) – 7230 - 260(3) – 8010 – 300(3) – 8910 – 400(2) – 9710 - 500(4) – 11710 – 680(3) –13750 (20 वर्ष) + समय समय पर स्वीकार्य भत्ते के वेतनमान में । विज्ञापन जारी करने के समय आरंभिक वेतनमान में वर्तमान भत्तों की दर पर कुल मासिक परिलब्धियाँ लगभग रु.15545/- (लगभग) होगीं।

**च)** ऑर्थोपेडिक रूप से विकलांग / बधिर अथवा मंद दृष्टि वाले पात्र नहीं होंगे।

**सामान्य निर्देश**

**क)** आयु प्रमाण के रूप में स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र/स्थानातरंण प्रमाण पत्र / निवास प्रमाण पत्र / नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म तिथि, स्वीकार्य होगी।

**(ख)** अभ्यर्थी भारतीय रिज़र्व बैंक, बेंगलूर कार्यालय की भर्ती जोन अर्थात् कर्नाटक राज्य के निवासी होने चाहिए।

**(ग)** ऐसे कर्मचारी जो 1 जनवरी 2012 को या उसके बाद नियुक्त होंगे उन पर **नई पेंशन योजना** लागू होगी।

**(घ)** पात्रता मानदण्ड पूरा करने मात्र से ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में बुलाए जाने का दावा नहीं रखता। **बैंक को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह रिक्तियों की संख्या के अनुसार साक्षात्कार/लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को प्रतिबंधित करने के लिए न्यूनतम पात्रता मानदण्ड आदि बढा सकता है। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।**

**(ङ) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा**: भूतपूर्व सैनिक से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना और वायु सेना में किसी भी रैंक में(चाहे लड़ाकू अथवा गैर लड़ाकू रूप में) सेवा की हो (किंतु इसमें डिफेंस सिक्यूरिटी कोर्प्स, जनरल रिज़र्व इंजीनियरिंग फोर्स, लोक सहायक सेना तथा अर्ध सैनिक बल आदि से सेवा निवृत्त व्यक्ति शामिल नहीं है) और इस सेवा से पेंशन प्राप्त कर सेवानिवृत्त हुए हों अथवा सैन्य सेवा से संबंधित चिकित्सा आधार पर या अपने नियंत्रण से परे परिस्थितियों के चलते सेवामुक्त हुए हों तथा चिकित्सा अथवा अन्य अपंगता पेंशन प्रदान की गई हो अथवा जिन्हें उनके निजी अनुरोध के सिवाय, स्थापना में कटौती के चलते अथवा उनका निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किया गया हो। किंतु इसमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं हैं जिन्हें कदाचार, अकुशलता के कारण सेवामुक्त किया गया हो। इसमें प्रादेशिक सेना के निम्नलिखित श्रेणियों के कार्मिक भी शामिल हैं : i) नियमित सम्मिलित सेवा के पेंशन भोगी। ii) व्यक्ति जिनकी अपंगता सैन्य सेवा से संबंधित है तथा iii) वीरता पदक विजेता।

**(च) चयन प्रक्रिया**

i) सुरक्षा गार्ड के पद के लिए संक्षिप्त सूची में रखे गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में भाग लेना होगा। उनका चयन लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में उनके निष्पादन के आधार पर होगा। तदनुसार उपयुक्त पाए गए उम्मीदवारों को रिक्तियों एवं आरक्षण अपेक्षाओं के अधीन सुरक्षा गार्ड के पद के लिए तैयार की जानेवाली **प्रतीक्षा सूची** में रखा जाएगा।

**(छ) कैसे आवेदन करें:**

i) उम्मीदवार को इस विज्ञापन में दिए गए निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन करना होगा। अन्य किसी प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन अस्वीकृत किया जायेगा।

ii) इस विज्ञापन में दिए गए प्रारूप को ही आवेदन पत्र के रूप में **उपयोग नहीं किया जाना चाहिए** आवेदन कन्नड / हिन्दी / अंग्रेजी में (साफ / बड़े अक्षरों में) टाइप किया अथवा हाथ से साफ-साफ लिखा होना चाहिए। इसके लिए ए4 साइज के कागज पर आवेदन करना चाहिए।

iii) आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करने होंगे:

* आयु एवं शैक्षणिक अर्हता सबंधित सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियाँ

* आवेदन पत्र के दाहिने ऊपरी सिरे पर स्वहस्ताक्षरित अद्यतन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (3सेमी x 2.5 सेमी) चिपकाया जाए।

* यदि उम्मीदवार अजा / अजजा / अपिव से संबंधित है तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अद्यतन जाति प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति।

* सशस्त्र सेना द्वारा जारी सेवामुक्ति प्रमाण पत्र / सेवा पुस्तिका की सत्यापित प्रतियाँ।

**आवेदन के साथ मूल दस्तावेज / प्रमाणपत्र न भेजे जाएं**

iv) आवेदन पत्र पर **सुरक्षा गार्ड के पद के लिए आवेदन** लिखा हुआ होना चाहिए।

v) एक लिफाफे में केवल एक उम्मीदवार का ही आवेदन होना चाहिए।

iv) आवेदन केवल **साधारण डाक** द्वारा भेजे जाएं अथवा इस हेतु भारतीय रिजर्व बैंक, बेंगलूर के मुख्य प्रवेश रखे बॉक्स में (शनिवार, रविवार एवं छुट्टी के दिन को छोड़कर) सप्ताह के बाकी दिन को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 2.30 बजे के **बीच जमा किए जा सकते हैं**। आवेदन पत्र के लिफाफे पर **"सुरक्षा गार्ड के पद हेतु आवेदन"** लिखा जाना चाहिए। आवेदन निम्नलिखित पते पर प्रेषित किए जाएं : **क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, मानव संसाधन प्रबन्ध विभाग, भर्ती अनुभाग, नृपतुंगा रोड, बेंगलूर-560001 ।** व्यक्तिगत रूप में अथवा किसी पावती के सापेक्ष आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**(ज) अपात्रता:**

ii) सुरक्षा गार्ड के पद के लिए आवेदन करने के पूर्व उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि क्या वे निर्धारित तिथि पर विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदण्ड को सभी प्रकार से पूरा करते हैं। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन तथा / अथवा सबंधित दस्तावेज / प्रमाणपत्र रहित आवेदन या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अस्वीकृत किए जाएंगे। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक भर्ती के किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए किसी आवेदन / उम्मीदवारी को  अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**(झ.) अंतिम तिथि:** सभी मामलों में पूर्ण आवेदन अधिकतम 30 अप्रैल  2014 तक बैंक के पूर्वोक्त पते पर प्राप्त हो जाने चाहिए।

**चेतावनी :**

i) पात्र न पाए गए / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार हेतु उपयुक्त न पाए गए अभ्यर्थियों के किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ii) किसी भी प्रकार के अनुयाचन के लिए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जा सकता है। अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में उम्मीदवार द्वारा अपनाई गई किसी भी सहायता यथा- भ्रामक दस्तावेज प्रस्तुत करना, असत्य/झूठे विवरण देना, तथ्यपरक सूचना को दबाना, उम्मीदवारी के लिए अन्य अनुचित साधनों को अपनाने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। यदि कोई अवांछनीय व्यक्ति अनुचित साधनों द्वारा चयन के संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता का भरोसा दिलाता है तो उसकी शिकायत निम्नलिखित में से किसी को भी की जा सकती है:

(अ) शिकायत निवारण कक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक, मा.सं.प्र.वि, नृपतुंगा रोड, बेंगलूर-560001

(ब) केंद्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लॉक ‘ए’, जीपीओ कॉम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023

भारतीय रिज़र्व बैंक, बेंगलूर में सुरक्षा गार्ड के पद के लिए आवेदन

(दिनांक 09/04/2014 का विज्ञापन सं. 1 / 2013-2014)

हस्ताक्षर सहित
3 सेमी X 2.5 सेमी
साइज़ की नयी फोटो
यहां चिपकाएं

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक का पूरा नाम (बडे अक्षरों में) | | | | | | | | |
| 2 | पिता का पूरा नाम (बडे अक्षरों में) | | | | | | | | |
| 3 | पत्र व्यवहार के लिए पूरा पता (जिला व पिनकोड के साथ) | | | | | | | | |
| 4 | जन्मतिथि (स्कूल छोडने के प्रमाणपत्र में रिकार्ड किए अनुसार) | | | | | | | | |
| | | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| 5 | 1 अप्रैल 2014 को आयु | | | | | | | | |
| | | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| 6 | शैक्षणिक योग्यताएं | | | | | | | | |

| उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | उत्तीर्ण करने की तारीख | विश्वविद्यालय / बोर्ड | अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| पिछली शैक्षणिक संस्था का नाम | | | | |
| | | स्थान | जिला | राज्य |
| 7. अनुभव का ब्योरा | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. वर्ग (उपयुक्त डिब्बे में सही का निशान लगाएं) : i) | अ आ | अजजा | ओबीसी | साधारण | | | | | |
| ii) | सशस्त्र सेना में सेवा के ब्योरे : | | | | | | | | |
| | a) सेवा की गई सेना का नाम : | | | | | | | | |
| | b) भर्ती की तारीख | | | | | | | | |
| | | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| | c) कार्यमुक्त की तारीख | | | | | | | | |
| | | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
| | d) सेवा की अवधि | ----------वर्ष ---------महीने | | | | | | | |
| iv) | 1.1.80 तथा 31.12.1989 के बीच जम्मू तथा कश्मीर से विस्थापित लोग | हां | नहीं | | | | | | |
| v) | बैंकिंग संस्था/सरकारी कार्यालय के भूतपूर्व कर्मचारी कम से कम एक वर्ष की सेवा के बाद छांटे गए। | हां | नहीं | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

9. सशस्त्र सेना से निकलने के बाद अनुभव, यदि कोई :

| जिन संस्था/ओं में काम कर रहे हैं उसका नाम | से | तक | अवधि (इतने वर्ष) | टिप्प्णियाँ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| 10. खेलकूद / अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों में प्रवीणता | | | | |
| 11. भाषा के जानकार | | | | |
| 12. संपर्क संख्या | निवास :<br>मोबाइल | | | |

घोषणा

मैं घोषणा करता/ती हूँ कि उक्त सभी जानकारी और प्रस्तुत ब्योरे ठीक और सही हैं । मैं समझता हूँ कि यदि कोई जानकारी अपूर्ण / असत्य, झूठी या भ्रामक हो तो मेरी उम्मीदवारी किसी भी चरण में नियुक्ति के पहले रद्द की जा सकती है। और यदि नियुक्त हो चुकी हो तो वह बिना किसी सूचना व भरपाई के बरखास्त की जा सकती है। मैं यह भी समझता हूँ कि मेरी उम्मीदवारी विज्ञापन में दिये गये मानदण्डों / भर्ती के अधीन रहेगी।

स्थान:

तारीख: आवेदक के हस्ताक्षर :____________________

अनु: